# तु कितनी अच्छी है तु कितनी भोली है भजन लिरिक्स

तु कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है,
प्यारी प्यारी है, ओ माँ, ओ माँ,
ये जो दुनियां है, बन है काँटो का,
तू फुलवारी है, ओ माँ, ओ माँ।bd।

---

दुखन लागी हैं माँ तेरी अँखियाँ,
मेरे लिए जागी है तू सारी सारी रतिया,
मेरी निंदिया पे अपनी निंदिया भी तूने वारी है,
ओ माँ, ओ माँ, ओ माँ, प्यारी माँ।bd।

---

अपना नहीं तुझे सुख दु:ख कोई,
मैं मुस्काया तू मुस्कायी, मैं रोया तू रोई,
मेरे हँसने पे, मेरे रोने पे, तू बलिहारी है,
ओ माँ, ओ माँ, ओ माँ, प्यारी माँ।bd।

---

माँ बच्चो की जा होती है,
वो होते हैं किस्मत वाले, जिनकी माँ होती है,
तू कितनी सुन्दर है, तू कितनी शीतल है,
न्यारी न्यारी है, ओ माँ, ओ माँ, प्यारी माँ।bd।

---

तु कितनी अच्छी है, तू कितनी भोली है,
प्यारी प्यारी है, ओ माँ, ओ माँ,
ये जो दुनियां है, बन है काँटो का,
तू फुलवारी है, ओ माँ, ओ माँ।bd।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com